Drishti IAS

# डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)

## दिसंबर भाग-2 2022



Drishti, 641, First Floor,
Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440,
Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

## प्रश्न भाग-2

1. 'गोल्डन ट्रायंगल' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. गोल्डन ट्रायंगल विश्व का प्रमुख शहद और बागवानी उत्पादक क्षेत्र है।
   2. थाईलैंड, मलेशिया और लाओस सभी इस क्षेत्र का हिस्सा हैं।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

2. उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   1. बेस एडिटिंग टी-सेल एक्यूट लिम्फोब्लास्टिक ल्यूकेमिया से पीड़ित मरीज़ में कैंसर की एक थेरेपी है।
   2. टी-सेल एक्यूट लिम्फोब्लास्टिक ल्यूकेमिया एक प्रकार का कैंसर है जो अस्थि मज्जा की रक्त बनाने वाली स्टेम कोशिकाओं में बनता है।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

3. RBI की मौद्रिक नीति का प्राथमिक उद्देश्य विकास के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए मूल्य स्थिरता बनाए रखना है। मौद्रिक नीति के उपकरणों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. रेपो दर वह ब्याज दर है जिस पर रिजर्व बैंक, बैंकों को रातोंरात तरलता प्रदान करता है।
   2. बैंक दर वह दर है जिस पर RBI पात्र विनिमय या अन्य वाणिज्यिक पत्रों के बिलों को खरीदने या फिर से भुनाने के लिये तैयार होता है।
   3. नकद आरक्षित अनुपात वह औसत दैनिक शेष राशि है जिसे एक बैंक को अपनी शुद्ध मांग और देनदारियों (NDTL) के प्रतिशत के हिस्से के रूप में RBI के पास बनाए रखने की आवश्यकता होती है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

   A. केवल 1 और 2
   B. केवल 2 और 3
   C. केवल 1 और 3
   D. 1, 2 और 3

4. 'भारतीय मिसाइल' के संदर्भ निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:
   1. सतह-से-सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल - पृथ्वी
   2. सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल - त्रिशूल
   3. एंटी टैंक मिसाइल - नाग

   उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 1 और 2
   C. केवल 2 और 3
   D. 1, 2 और 3

नोट :

5. “सूर्य किरण” के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत और नेपाल के बीच एक सैन्य अभ्यास है।
2. इसके 15वें संस्करण का आयोजन असम में हुआ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

6. भारत में 'चमड़ा उद्योग' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल चमड़े और जूते के उत्पादों के प्रमुख उत्पादन केंद्र हैं।
2. मलेशिया भारत से चमड़ा और चमड़े के उत्पादों का सबसे बड़ा आयातक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

7. कज़ाखस्तान निम्नलिखित में से किस देश के साथ अपनी सीमा साझा नहीं करता है?

A. उज़्बेकिस्तान
B. ताजिकिस्तान
C. चीन
D. किर्गिज़स्तान

8. ऑस', अमन और बोरो निम्नलिखित में से किस फसल से संबंधित हैं?

A. चावल
B. कपास
C. गेहूँ
D. जूट

9. न्यायाधीशों द्वारा खुद को सुनवाई से अलग रखने के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे हितों के टकराव के कारण कानूनी कार्यवाही जैसी आधिकारिक कार्रवाई में भाग लेने से रोकने के कार्य के रूप में जाना जाता है।
2. भारतीय संविधान के तहत एक न्यायाधीश द्वारा खुद को सुनवाई से अलग रखने की प्रक्रिया निर्धारित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

10. हबल टेलीस्कोप के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह नासा के ग्रेट ऑब्ज़र्वेटरीज़ कार्यक्रम का एक हिस्सा है।
2. जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप हबल का उत्तराधिकारी है।

**नोट :**

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

11. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. चार DNA न्यूक्लियोटाइड बेस, एडेनिन (A), साइटोसिन (C), गुआनिन (G) और थाइमिन (T), जेनेटिक कोड को एन्कोड करने के लिये उपयोग किये जाते हैं।
2. जीनोम सीक्वेंसिंग में DNA को काटना (DNA Shearing) शामिल है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

12. 'क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स (CCTNS)' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. CCTNS राष्ट्रीय ई-शासन योजना (NeGP) के तहत एक मिशन मोड परियोजना है।
2. यह प्रणाली IT सक्षम 'अपराध की जाँच और अपराधियों का पता लगाने' को बढ़ावा दे रही है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

13. हाल ही में समाचारों में देखी जाने वाली दिशा योजना निम्नलिखित में से किस मंत्रालय से संबद्ध है?

A. कानून एवं न्याय मंत्री द्वारा न्याय तक पहुँच सुनिश्चित करने के लिये।

B. पृथ्वी विज्ञान द्वारा शुरू किया गया नेविगेशन पोर्टल।

C. शिक्षा मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम।

D. उपरोक्त में से कोई नहीं।

14. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सर्वोच्च न्यायालय के पास अपने न्यायिक कामकाज के लिये एक वर्ष में 100 कार्य दिवस हैं।
2. उच्च न्यायालयों के पास सेवा नियमों के अनुसार अपने कैलेंडर बनाने की शक्ति है।
3. भारत का मुख्य न्यायाधीश (CJI) अवकाश के दौरान तत्काल मामलों की सुनवाई के लिये एक खंडपीठ नियुक्त कर सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

15. फीफा विश्व कप 2022 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विश्व कप फाइनल के लिये अल-रिहला फुटबॉल का इस्तेमाल किया गया था।
2. लाईब FIFA WC 2022 का आधिकारिक प्रतीक था।
3. लियोनेल मेसी को गोल्डन बूट दिया गया।

नोट :

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1 और 3

C. केवल 2

D. 1, 2 और 3

16. mRNA वैक्सीन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ये प्रोटीन का निर्माण करते हैं जो शरीर में प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को मज़बूत करता है।
2. इनका निर्माण समय दीर्घकालिक होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

17. क्षेत्रीय परिषद के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. क्षेत्रीय परिषदें 74वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा स्थापित संवैधानिक संस्थाएँ हैं।
2. मध्य क्षेत्रीय परिषद का मुख्यालय मध्य प्रदेश में है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

18. डीप फेक तकनीक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह शक्तिशाली कंप्यूटर और गहन शिक्षा का उपयोग करके वीडियो, छवियों, ऑडियो में हेरफेर करने की एक विधि है।
2. भारत में डीप फेक तकनीक के इस्तेमाल के खिलाफ कोई कानूनी नियम नहीं हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

19. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह जल प्रदूषण (रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के तहत एक वैधानिक संगठन है।
2. इसे वायु प्रदूषण (रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के तहत शक्तियाँ और कार्य सौंपे गए हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

20. हाल ही में खबरों में रहा ताल छापर अभयारण्य निम्नलिखित में से किस राज्य में है?

A. मध्य प्रदेश
B. उत्तर प्रदेश
C. हरियाणा
D. राजस्थान

21. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. कुनमिंग घोषणा जैविक विविधता के संरक्षण के लिये तत्काल और एकीकृत कार्रवाई से जुड़ी है।
2. जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क अभिसमय के तहत कुनमिंग घोषणा को अपनाया गया था।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

22. हाइड्रोकार्बन एक्सप्लोरेशन एंड लाइसेंसिंग पॉलिसी (HELP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह नीति रेवेन्यू शेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट (RSC) के नए मॉडल पर आधारित है, इसे पहले के प्रोडक्शन शेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट (PSC) के बदले लाया गया है।
2. HELP नीति के तहत ओपन एकरेज लाइसेंसिंग (OAL) मैकेनिज़्म लॉन्च किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

23. हाल ही में यूरोपीय संघ (EU) के सदस्य 'न्यूनतम कर दर' लागू करने पर सहमत हुए हैं। वैश्विक न्यूनतम कर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका उद्देश्य विश्व भर में परिभाषित कॉर्पोरेट आय आधार पर मानक न्यूनतम कर दर लागू करना है।
2. यह ढाँचा राष्ट्रों को कम कर दरों के माध्यम से कर प्रतिस्पर्द्धा हेतु प्रोत्साहित करता है।
3. इसका उद्देश्य विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिये सरकारों के बीच कर प्रतिस्पर्द्धा को बढ़ावा देना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

24. 'आईएनएस वागीर' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका नाम हिंद महासागर के समुद्री कछुए के नाम पर रखा गया है।
2. यह कलवरी-श्रेणी की पनडुब्बियों का हिस्सा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

25: विनियोग विधेयक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे केवल लोकसभा में पेश किया जा सकता है।
2. लोकसभा को संविधान द्वारा वित्तीय वर्ष के एक हिस्से के लिये अग्रिम रूप से अनुदान जारी करने की अनुमति है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

26. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. समर्थ योजना वस्त्र क्षेत्र के लिये एक प्रमुख कौशल विकास योजना है।
2. निगरानी और प्रबंधन सूचना प्रणाली (MIS) समर्थ योजना के कार्यान्वयन की निगरानी करेगी।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

27.. 'नवाचार और कृषि-उद्यमिता विकास कार्यक्रम' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह विकास कार्यक्रम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत शुरू किया गया है।
2. क्यारी इनोवेशन इस कार्यक्रम के तहत एक स्टार्टअप है जो मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने की दिशा में कार्य कर रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

28. 'विश्व धरोहर स्थल' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल विभिन्न क्षेत्रों या वस्तुओं को संदर्भित करता है।
2. सूची में केवल सांस्कृतिक विरासत स्थल शामिल हैं।
3. हाल ही में गुजरात के एक शहर वड़नगर को विश्व धरोहर स्थलों की अस्थायी सूची में शामिल किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

29. एकीकृत तटीय क्षेत्र प्रबंधन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस अवधारणा का जन्म UNFCCC के पक्षकारों के 21वें सम्मेलन के दौरान हुआ था।
2. ICZM से संबंधित नीति एजेंडा 21 (पृथ्वी शिखर सम्मेलन) के अंतर्गत निर्धारित की गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

30. निम्नलिखित में से कौन-सा देश पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (OPEC) का सदस्य नहीं है?

A. इराक

B. कुवैत

C. सऊदी अरब

D. जॉर्डन

31. कभी-कभी समाचारों में डोकरा शब्द का उल्लेख किया जाता है। निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द इसे उचित रूप से परिभाषित करता है?

A. तमिलनाडु की प्राचीन जल संरक्षण पद्धति

B. रैंसमवेयर सॉफ्टवेयर

C. दक्षिण सूडान का आतंकवाद प्रभावित क्षेत्र

D. प्राचीन बेल धातुशिल्प का एक रूप

32. "CERVAVAC" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत का पहला स्वदेशी रूप से विकसित क्वाड्रिवेलेंट ह्यूमन पैपिलोमावायरस (qHPV) वैक्सीन है।
2. यह हेपेटाइटिस B के टीकाकरण के समान VLP (वायरस-लाइक पार्टिकल्स) पर आधारित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

33. सहकारी समितियों के संबंध में संवैधानिक प्रावधानों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सहकारी समितियों के गठन का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 19 में शामिल है।
2. अनुच्छेद 43-बी में सहकारी समितियों का प्रचार शामिल है।
3. सहकारी समितियों को संविधान की समवर्ती सूची में शामिल किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

34. श्रम बल भागीदारी दर (Labour Force Participation Rate- LFPR) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. श्रम बल में वे लोग शामिल हैं जो 15 वर्ष या उससे अधिक उम्र के हैं और या तो नियोजित हैं या बेरोज़गार हैं एवं काम करने के इच्छुक हैं तथा सक्रिय रूप से नौकरी की तलाश कर रहे हैं।
2. LFPR पिछले 10 वर्षों में कम हो रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

35. थेरवाद बौद्ध धर्म के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह मौजूदा बौद्ध धर्म की सबसे प्राचीन शाखा है।
2. यह श्रीलंका में विकसित हुआ था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

36. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. स्वामित्व (SVAMITVA) योजना ग्रामीण आवासित क्षेत्रों में संपत्ति के स्पष्ट स्वामित्व की स्थापना से संबंधित है।
2. यह कार्यक्रम GIS मानचित्रों का उपयोग करके बेहतर ग्राम पंचायत विकास योजना के विकास को बढ़ावा देता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

37. सामाजिक प्रगति सूचकांक (SPI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह विश्व बैंक द्वारा जारी किया जाता है।
2. सूचकांक वैश्विक स्तर पर सामाजिक प्रगति को मापता है।
3. नवीनतम अनुमानों के अनुसार, पुदुचेरी को उच्चतम SPI स्कोर प्राप्त हुआ है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 3

C. केवल 2 और 3

D. केवल 1, 2 और 3

38. किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे किसानों को पर्याप्त और समय पर ऋण सहायता प्रदान करने के लिये प्रस्तुत किया गया था।
2. यह सुविधा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के माध्यम से ही प्राप्त की जा सकती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

39. अन्य देशों के साथ भारत के संयुक्त सैन्य अभ्यास के संबंध में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

1. गरुड़ शक्ति - इंडोनेशिया
2. कुरुक्षेत्र
3. - सिंगापुर
4. हैंड-इन-हैंड - चीन

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

नोट :

40. बाह्य अंतरिक्ष से उपग्रहों की पुन: प्रविष्टि के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह सुनिश्चित करने के लिये एक अंतर्राष्ट्रीय बाध्यकारी समझौता किया गया है कि रॉकेट चरण हमेशा नियंत्रित पुन: प्रविष्टियाँ करें।
2. उत्तरदायित्त्व समझौता 1972 के तहत देशों को उपग्रहों से होने वाले नुकसान की भरपाई करनी होती है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

41. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. बेनिन ब्रॉन्ज़ एक प्रकार की मंदिर वास्तुकला है जो बेनिन के प्राचीन साम्राज्य में प्रचलित थी।
2. बेनिन साम्राज्य को पश्चिमी अफ्रीका में ईदो साम्राज्य के रूप में जाना जाता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

42. राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना (NeGP) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सामान्य सेवा केंद्र (CSCs) राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना को बढ़ावा देने की एक पहल है।
2. यूनिफाइड फार्मर सर्विस प्लेटफॉर्म (UFSP) प्लेटफॉर्म NeGP के तहत कृषि क्षेत्र में विभिन्न सार्वजनिक और निजी आईटी प्रणालियों की निर्बाध अंतरसंचालनीयता में मदद करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

43. भारत में 'पर्स सीन फिशिंग' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस तकनीक का व्यापक रूप से भारत के पश्चिमी तटों पर उपयोग किया जा रहा है।
2. यह तमिलनाडु, केरल और पुदुचेरी के क्षेत्रीय जल में 24 समुद्री मील तक प्रतिबंधित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न तो 2

44. हाल ही में खेत में आनुवंशिक रूप से संशोधित (GM) सरसों धारा मस्टर्ड हाइब्रिड (DMH-11) का परीक्षण किया गया और इसे अधिक उत्पादक पाया गया। आनुवंशिक रूप से संशोधित (GM) फसलों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वे उन पौधों से प्राप्त होते हैं जिनके जीन कृत्रिम रूप से संशोधित होते हैं।
2. भारत में वाणिज्यिक उपयोग के लिये स्वीकृत एकमात्र GM फसल बीटी कपास है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

45. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुसार शराब राज्य का विषय है।

2. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 46 के तहत राज्य को शराब जैसे नशीले पेय के सेवन पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

46. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. परंपरागत कृषि विकास योजना (PKVY) द्वारा शून्य बजट प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है।

2. जीवामृत शून्य बजट प्राकृतिक खेती के चार तत्त्वों में से एक है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

47. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उन्होंने गुरु तेग बहादुर का स्थान लिया।

2. उन्होंने खालसा या पाँच 'क' के सिद्धांत की स्थापना की।

3. पवित्र पुस्तक गुरु ग्रंथ साहिब का नाम उनके द्वारा रखा गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से गुरु गोबिंद सिंह के संबंध में सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

48. 'बम चक्रवात' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक मध्य अक्षांशीय तूफान है जिसके केंद्र में उच्च दबाव होता है।

2. वे आमतौर पर ठंडे महीनों के दौरान उत्पन्न होते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न तो 2

नोट :

49. अटल इनोवेशन मिशन (AIM) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह देश में नवाचार और उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिये भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है।
   2. यह सुनिश्चित करता है कि छोटे बच्चों को STEM (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) की अवधारणाओं को समझने के लिये उपकरणों व साधनों के साथ काम करने का मौका मिले।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

50. 'मात्रात्मक नीति के मात्रात्मक साधन' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. वैधानिक तरलता अनुपात या SLR जमा का न्यूनतम प्रतिशत है जिसे एक वाणिज्यिक बैंक को अपने पास बनाए रखना होता है।
   2. नकद आरक्षित अनुपात (CRR) वह अनुपात है जिसमें वाणिज्यिक बैंकों को केंद्रीय बैंक के पास भंडार के रूप में जमा की एक निश्चित न्यूनतम राशि रखनी होती है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

51. 'रामप्पा मंदिर' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. दक्षिण अयोध्या को गोदावरी नदी के तट पर स्थित रामप्पा मंदिर के रूप में भी जाना जाता है।
   2. रामप्पा मंदिर यूनेस्को का विश्व धरोहर स्थल है और भगवान राम को समर्पित है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

52. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   1. औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के तहत दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण का विनियमन मुख्य रूप से केंद्रीय अधिकारियों की चिंता का विषय है।
   2. केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (CDSCO) राज्य औषधि नियंत्रण संगठनों के प्रयासों के समन्वय हेतु उत्तरदायी है।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

53. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. परिषद की अध्यक्षता इसके 15 सदस्यों के बीच हर दो महीने में बदलती है।'
   2. भारत ने जनवरी 2021 में छठी बार UNSC में गैर-स्थायी सदस्य के रूप में प्रवेश किया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न तो 2

54. 'प्राक्कलन समिति' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. स्वतंत्र भारत में पहली प्राक्कलन समिति की स्थापना वर्ष 1950 में हुई थी।
2. इसमें 30 सदस्य होते हैं, जिनमें से 20 सदस्य लोकसभा से और शेष 10 सदस्य राज्यसभा से होते हैं।
3. प्राक्कलन समिति के अध्यक्ष के रूप में केवल एक मंत्री को नियुक्त किया जाता है।
4. इसे सतत् मितव्ययिता समिति के रूप में भी जाना जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन से सही हैं ?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 4

D. उपर्युक्त सभी

55. 'भारत में पर्यटन क्षेत्र' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विश्व आर्थिक मंच के यात्रा और पर्यटन विकास सूचकांक 2021 में भारत को तीसरा स्थान प्राप्त है।
2. यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में भारत के 40 स्थल सूचीबद्ध हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

56. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. GNPA अनुपात की गणना बैंक या वित्तीय संस्थान द्वारा रखी गई सभी संपत्तियों के कुल मूल्य से गैर-निष्पादित संपत्तियों के कुल मूल्य को विभाजित करके की जाती है।
2. उच्च GNPA अनुपात बैंकों को पूंजी जुटाने या निवेशकों को आकर्षित करने में बाधा उत्पन्न करता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

57. 'मुख्य सूचना आयुक्त' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मुख्य सूचना आयुक्त केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित अवधि के लिये पद धारण करेगा।
2. राज्य मुख्य सूचना आयुक्त के वेतन और भत्ते एवं सेवा के अन्य नियम तथा शर्तें राज्य सरकार द्वारा निर्धारित की जाती हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

58. मांगदेछू जलविद्युत परियोजना निम्नलिखित में से किस देश से संबंधित है?

A. भारत - भूटान

B. चीन - म्याँमार

C. भारत - म्याँमार

D. चीन - भूटान

59. कभी-कभी समाचारों में देखी जाने वाली धनु जात्रा, निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य से संबंधित है?

A. ओडिशा

B. महाराष्ट्र

C. पश्चिम बंगाल

D. छतीसगढ़

60. भारत सरकार द्वारा सरकारिया आयोग की नियुक्ति की गई थी:

A. आर्थिक उदारीकरण के उपायों को लागू करने हेतु

B. राज्यों के बीच वित्तीय संसाधनों के आवंटन की समीक्षा करने हेतु

C. सार्वजनिक अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जाँच करने हेतु

D. राज्यों और केंद्र के बीच संबंधों की जाँच करने एवं समन्वय एवं सहयोग में सुधार के लिये सिफारिश करने हेतु

61. प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (PMGKAY) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये':

1. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के तहत कवर किये गए सभी लाभार्थियों को प्रति परिवार प्रतिमाह पाँच किलोग्राम खाद्यान्न मुफ्त प्रदान किया जाता है।
2. वन नेशन वन राशन कार्ड धारक इस योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के पात्र हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

62. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. मंत्रिपरिषद सामूहिक रूप से संसद के प्रति उत्तरदायी होगी।
2. मंत्रियों की कुल संख्या संसद की कुल संख्या के 15% से अधिक नहीं हो सकती।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

63. निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र आठ कोर सेक्टर उद्योगों में शामिल नहीं है?

A. प्राकृतिक गैस

B. रिफाइनरी उत्पाद

C. उर्वरक

D. रक्षा

नोट :

64. भारत में अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?
   A. OBC शिक्षा और रोज़गार में सकारात्मक कार्रवाई के लिये भारत सरकार द्वारा चिह्नित सामाजिक और शैक्षिक रूप से वंचित समुदायों का एक समूह है।
   B. OBC समुदाय परंपरागत रूप से भारत में आर्थिक और सामाजिक विशेषाधिकार प्राप्त है।
   C. OBC समुदायों को भारतीय संविधान में अनुसूचित जाति (SC) या अनुसूचित जनजाति (ST) के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
   D. OBC समुदायों को भारतीय संविधान में "सामान्य" श्रेणी के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

65. निम्नलिखित में से कौन-सा 'उद्यम पूंजी जी' का सबसे अच्छा वर्णन करता है?
   A. उद्यम पूंजी एक प्रकार का वित्तपोषण है जो बड़ी, स्थापित कंपनियों द्वारा छोटे स्टार्टअप को उसके प्रारंभिक चरण में प्रदान किया जाता है।
   B. उद्यम पूंजी एक प्रकार का वित्तपोषण है जो बैंकों और वित्तीय संस्थानों द्वारा छोटे स्टार्टअप को उनके प्रारंभिक चरण में प्रदान की जाती है।
   C. उद्यम पूंजी एक प्रकार का वित्तपोषण है जो धनी व्यक्तियों या फर्मों द्वारा कंपनी में स्वामित्व हिस्सेदारी के बदले छोटे स्टार्टअप को उनके प्रारंभिक चरण में प्रदान की जाती है।
   D. उद्यम पूंजी एक प्रकार का वित्तपोषण है जो सरकार द्वारा छोटे स्टार्टअप को उनके प्रारंभिक चरण में प्रदान की जाती है।

## व्याख्या भाग-2

1 D

व्याख्या:

- गोल्डन ट्रायंगल और गोल्डन क्रिसेंट दुनिया के प्रमुख अफीम उत्पादक क्षेत्र हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- भारत दुनिया के दो सबसे बड़े अफीम उत्पादक क्षेत्रों के बीच सैंडविच की भाँति स्थित है, जिसके एक तरफ गोल्डन ट्राइएंगल और दूसरी तरफ गोल्डन क्रिसेंट है।
- गोल्डन ट्रायंगल उस क्षेत्र में स्थित है जहाँ थाईलैंड, म्याँमार और लाओस की सीमाएँ, रुक और मेकांग नदियों के संगम पर मिलती हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

2 C

व्याख्या:

- यूनाइटेड किंगडम के वैज्ञानिकों ने टी-सेल एक्यूट लिम्फोब्लास्टिक ल्यूकेमिया (T-cell Acute Lymphoblastic Leukemia: T-ALL) से पीड़ित मरीज़ में कैंसर थेरेपी के एक नए रूप 'बेस एडिटिंग' का सफल परीक्षण किया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- टी-सेल संक्रमित कोशिकाओं को मारकर, अन्य प्रतिरक्षा कोशिकाओं को सक्रिय करके और प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को विनियमित कर व्यक्ति को प्रतिरक्षा प्रदान करती हैं।
- टी-सेल एक्यूट लिम्फोब्लास्टिक ल्यूकेमिया एक प्रकार का कैंसर है जो अस्थि मज्जा की रक्त बनाने वाली स्टेम कोशिकाओं में बनता है। **अतः कथन 2 सही है।**

3 D

व्याख्या:

- रेपो दर वह ब्याज दर है जिस पर बैंक चलनिधि समायोजन सुविधा (LAF) के तहत सरकार और अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों के संपार्श्विक के खिलाफ भारतीय रिज़र्व बैंक से रातोंरात तरलता उधार ले सकते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- बैंक दर वह दर है जिस पर RBI खरीद के लिये पात्र विनिमय या अन्य वाणिज्यिक पत्र के बिलों को खरीदने या फिर से भुनाने के लिये तैयार होता है। बैंक दर RBI अधिनियम, 1934 की धारा 49 के तहत प्रकाशित की जाती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- दैनिक औसत शेष राशि जिसे बैंक को अपनी शुद्ध मांग और समय पर देनदारियों के प्रतिशत के रूप में रिज़र्व बैंक के साथ बनाए रखने के लिये आवश्यक है, इसे रिज़र्व बैंक समय-समय पर भारत के राजपत्र में सूचित कर सकता है, यह कैश रिज़र्व अनुपात (CRR) के रूप में जाना जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

4 D

व्याख्या:

- एकीकृत निर्देशित मिसाइल विकास कार्यक्रम (IGMDP) का उद्देश्य मिसाइल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करना था।
- इसे वर्ष 1983 में शुरू किया गया और मार्च 2012 में पूरा हुआ।
- IGMDP के तहत विकसित मिसाइलें हैं:
  - पृथ्वी: सतह-से-सतह पर मार करने में सक्षम कम दूरी वाली बैलिस्टिक मिसाइल।
  - अग्नि: सतह-से-सतह पर मार करने में सक्षम मध्यम दूरी वाली बैलिस्टिक मिसाइल यानी अग्नि।
  - त्रिशूल: सतह से आकाश में मार करने में सक्षम कम दूरी वाली मिसाइल।
  - नाग: तीसरी पीढ़ी की टैंक भेदी मिसाइल।
  - आकाश: सतह से आकाश में मार करने में सक्षम मध्यम दूरी वाली मिसाइल। **अतः विकल्प D सही है।**

5 A

व्याख्या:

- यह भारत और नेपाल के बीच प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला एक सैन्य अभ्यास है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस अभ्यास के उद्देश्य हैं:
- दोनों देशों के सैनिकों द्वारा दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रों में सैन्य संपर्क स्थापित करना।
- आपदा प्रबंधन के तहत मानवीय सहायता प्रदान करना।
- उग्रवाद विरोधी अभियानों के संचालन के दौरान प्राप्त हुए अनुभवों को साझा करना।
- दोनों देशों की सेनाओं के बीच अंतर-संचालन क्षमता विकसित करना तथा अनुभव साझा करना।
- सूर्य किरण के 15वें संस्करण का आयोजन भारत में उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में किया गया था। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

6 A

व्याख्या:

- भारत में चमड़ा उद्योग की हिस्सेदारी वैश्विक चमड़ा उत्पादन का लगभग 13% है और यहाँ लगभग 3 बिलियन वर्ग फीट चमड़े का वार्षिक उत्पादन होता है।
- चमड़ा उद्योग एक रोज़गार सघन उद्योग है जो 4 मिलियन से अधिक लोगों को रोज़गार प्रदान करता है, जिनमें से अधिकांश समाज के कमज़ोर वर्गों से हैं।
- भारत में चमड़े और जूते के उत्पादों के प्रमुख उत्पादन केंद्र तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में स्थित हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- संयुक्त राज्य अमेरिका भारत से चमड़ा और चमड़े के उत्पादों का सबसे बड़ा आयातक है तथा अप्रैल-अगस्त 2022 के दौरान देश के कुल चमड़े के निर्यात का 25.19% का निर्यात किया गया। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

7 B

व्याख्या:

- कज़ाखस्तान, आधिकारिक तौर पर कज़ाखस्तान गणराज्य, मध्य एशिया का एक देश है
- पश्चिम में कैस्पियन सागर से उत्तर में रूस और पूर्व में चीन, दक्षिण में किर्गिज़स्तान, उज़्बेकिस्तान, अरल सागर और तुर्कमेनिस्तान से घिरा हुआ है।
- यह ताजिकिस्तान के साथ अपनी सीमा साझा नहीं करता है। **अतः विकल्प B सही है।**

**नोट :**




8 A

व्याख्या:

- ऑस', 'अमन' और 'बोरो' पश्चिम बंगाल में उगाई जाने वाली चावल की किस्में हैं।
- भारत चीन के बाद चावल का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है।
- यह एक खरीफ की फसल है जिसे उगाने के लिये उच्च तापमान (25°C से अधिक तापमान) तथा उच्च आर्द्रता (100 सेमी. से अधिक वर्षा) की आवश्यकता होती है।
- कम वर्षा वाले क्षेत्रों में धान की फसल के लिये सिंचाई की आवश्यकता होती है। **अतः विकल्प A सही है।**

9 A

व्याख्या:

- यह पीठासीन न्यायालय के अधिकारी या प्रशासनिक अधिकारी के बीच मतभेद के कारण आधिकारिक कार्रवाई जैसे कानूनी कार्यवाही में भाग लेने से अलग रहने से संबंधित है। **अतः कथन 1 सही है।**
- खुद को सुनवाई से अलग रखने संबंधी नियम:
- पुनर्मूल्यांकन को नियंत्रित करने वाले कोई औपचारिक नियम नहीं हैं, हालाँकि सर्वोच्च न्यायालय के कई निर्णयों में इस मुद्दे पर बात की गई है।
- रंजीत ठाकुर बनाम भारत संघ (1987) मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि यह दूसरे पक्ष के मन में पक्षपात की संभावना की आशंका के प्रति तर्कों को बल प्रदान करता है।
- न्यायालय को अपने सामने मौजूद पक्ष के तर्क को देखना चाहिये और तय करना चाहिये कि वह पक्षपाती है या नहीं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

10 C

व्याख्या:

- इस टेलीस्कोप का नाम खगोलशास्त्री एडविन हबल के नाम पर रखा गया है।
- यह वेधशाला अंतरिक्ष में स्थापित की जाने वाली पहली प्रमुख ऑप्टिकल टेलीस्कोप है और इसने अपने प्रक्षेपण (1990 में 'लो अर्थ ऑर्बिट' में) के बाद से खगोल विज्ञान के क्षेत्र में अभूतपूर्व खोज की हैं।
- इसे 'गैलीलियो के टेलीस्कोप के बाद खगोल विज्ञान में सबसे महत्त्वपूर्ण प्रगति' माना जाता है।
- यह नासा के ग्रेट ऑब्ज़र्वेटरीज़ प्रोग्राम का एक हिस्सा है, जिसमें चार अंतरिक्ष-आधारित वेधशालाओं का एक समूह है और प्रत्येक वेधशाला एक अलग तरह के प्रकाश में ब्रह्मांड पर नज़र रखती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप (JWST) हबल का उत्तराधिकारी है। **अतः कथन 2 सही है।**

11 C

व्याख्या:

- चार DNA बेस- एडेनिन (A), साइटोसिन (C), गुआनिन (G) और थाइमिन (T) प्रत्येक आनुवंशिक कोड द्वारा तीन-अक्षर "कोडन" बनाने के लिये अलग-अलग तरीकों से उपयोग किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- संपूर्ण जीनोम अनुक्रमण एक प्रयोगशाला प्रक्रिया है जो एक प्रक्रिया में जीव के जीनोम में बेस के क्रम को निर्धारित करती है।
- वैज्ञानिक DNA को काटने के लिये आणविक कैंची का उपयोग करते हैं, यह लाखों आधारों (A, C, T और G) से बना होता है, जो अनुक्रमण मशीन को समझने के लिये काफी छोटे होते हैं। यह जीनोम सीक्वेंसिंग (Genome Sequencing) का हिस्सा है। **अतः कथन 2 सही है।**

12 C

व्याख्या:

- क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स (CCTNS) एक योजना है जिसकी कल्पना एक अनियोजित योजना नामतः कॉमन इंटीग्रेटेड पुलिस एप्लीकेशन (CIPA) के अनुभव के आलोक में की गई है।
- CCTNS, भारत सरकार की राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना (NeGP) के तहत एक मिशन मोड परियोजना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- CCTNS का उद्देश्य ई-गवर्नेंस के सिद्धांत को अपनाकर पुलिसिंग की दक्षता और प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिये एक व्यापक और एकीकृत प्रणाली तैयार करना है।
- यह 'अपराध की जाँच और अपराधियों का पता लगाने' के आसपास IT-सक्षम-अत्याधुनिक ट्रैकिंग सिस्टम के विकास के लिये राष्ट्रव्यापी नेटवर्किंग बुनियादी ढाँचे को बढ़ावा दे रहा है। **अतः कथन 2 सही है।**

13 A

व्याख्या:

- हाल ही में कानून और न्याय मंत्री ने लोकसभा को सूचित किया है कि 'न्याय तक समग्र पहुँच के लिये अभिनव समाधान तैयार करना (Designing Innovative Solutions for Holistic Access to Justice- DISHA) योजना' पाँच वर्ष (2021-2026) की अवधि के लिये शुरू की गई।
- इसे अखिल भारतीय स्तर पर न्याय तक पहुँच पर एक व्यापक, समग्र, एकीकृत और व्यवस्थित समाधान प्रदान करने के लिये लॉन्च किया गया था।
- इसका उद्देश्य भारत के संविधान की प्रस्तावना तथा अनुच्छेद 39A, 14 और 21 के तहत भारत के लोगों के लिये "न्याय" सुरक्षित करना है। **अतः विकल्प A सही है।**

नोट :

14 B

व्याख्या:

न्यायालय अवकाश:

- परिचय:
- सर्वोच्च न्यायालय के न्यायिक कामकाज के लिये एक वर्ष में 193 कार्य दिवस होते हैं, जबकि उच्च न्यायालय लगभग 210 दिनों के लिये कार्य करते हैं और ट्रायल कोर्ट 245 दिनों के लिये कार्य करते हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- उच्च न्यायालयों के पास सेवा नियमों के अनुसार अपने कैलेंडर बनाने की शक्ति है। **अत: कथन 2 सही है।**
- सर्वोच्च न्यायालय में प्रत्येक वर्ष दो लंबी अवधि के अवकाश होते हैं, ग्रीष्मकालीन और शीतकालीन अवकाश, लेकिन इन अवधियों के दौरान तकनीकी रूप से पूरी तरह से न्यायालय का कामकाज बंद नहीं होता है।
- वैधानिक प्रावधान:
- सर्वोच्च न्यायालय के नियम, 2013 के आदेश II के नियम 6 के तहत CJI ने ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान आवश्यक विविध मामलों की सुनवाई और नियमित सुनवाई हेतु खंडपीठों को नामित किया है।
- नियम में कहा गया है कि CJI ग्रीष्मकालीन या सर्दियों के अवकाश के दौरान तत्काल प्रकृति के सभी मामलों की सुनवाई के लिये एक या एक से अधिक न्यायाधीशों की नियुक्ति कर सकता है, जो इन नियमों के तहत एकल न्यायाधीश द्वारा सुने जा सकते हैं।
- और जब भी आवश्यक हो, वह अवकाश के दौरान अत्यावश्यक मामलों की सुनवाई के लिये एक खंडपीठ भी नियुक्त कर सकता है, जिसमें सुनवाई न्यायाधीशों की एक पीठ द्वारा की जानी चाहिये। **अत: कथन 3 सही है।**

15 C

व्याख्या:

- अल-रिहला (Al-Rihla) पहली फीफा विश्व कप गेंद है जिसे विशेष रूप से केवल वाटर बेस्ट इंक और गोंद से तैयार किया गया है।
- अल-रिहला का इस्तेमाल क्वार्टर फाइनल तक के इवेंट में किया जाना था, अल-रिहला फीफा WC 2022 (Al Rihla FIFA WC 2022) के सेमीफाइनल और फाइनल में 'अल हिल्म' ने जगह ले ली। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- फीफा विश्व कप 2022 का आधिकारिक प्रतीक (Official Mascot) 'लाईब' (La'eeb) है।
- अरबी भाषा में 'लाईब' का अर्थ 'सुपर-स्कील्ड प्लेयर' होता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- फीफा ने पूरे विश्व कप में खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन को मान्यता देने के लिये कई पुरस्कारों की घोषणा की, जिनमें शामिल हैं:
- गोल्डन बूट (सबसे ज़्यादा गोल) - किलियन एम्बाप्पे (फ्राँस)। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- गोल्डन ग्लोव - एमिलियानो मार्टिनेज़ (अर्जेंटीना)।
- गोल्डन बॉल (टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी) - लियोनेल मेसी (अर्जेंटीना)।

16 A

व्याख्या:

- मैसेंजर (m) RNA वैक्सीन:
- ये मानव शरीर की कोशिकाओं को सिखाने के लिये mRNA का उपयोग करते हैं कि प्रोटीन कैसे बनाया जाए जो हमारे शरीर के अंदर प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को मज़बूत करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- mRNA वैक्सीन के अन्य प्रकार के वैक्सीन की तुलना में कई लाभ होते हैं जिनमें कम निर्माण समय भी शामिल है तथा वैक्सीनीकरण कराने वाले व्यक्ति में बीमारी पैदा करने का कोई ज़ोखिम नहीं होता है। क्योंकि इसमें एक मृत वायरस प्रयोग होता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- वैक्सीन का उपयोग कोविड-19 जैसी महामारी से बचाव के लिये किया जाता है।

नोट :

17 D

व्याख्या:

- हाल ही में केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री ने कोलकाता में 25वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता की।
- क्षेत्रीय परिषदें वैधानिक (संवैधानिक नहीं) निकाय हैं।
- ये संसद के एक अधिनियम, यानी राज्य पुनर्गठन अधिनियम 1956 द्वारा स्थापित की गई हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इस अधिनियम ने देश को पाँच क्षेत्रों- उत्तरी, मध्य, पूर्वी, पश्चिमी और दक्षिणी में विभाजित किया तथा प्रत्येक क्षेत्र के लिये एक क्षेत्रीय परिषद प्रदान की।

  उपर्युक्त क्षेत्रीय परिषदों के अलावा संसद के एक अलग अधिनियम वर्ष 1971 के उत्तर-पूर्वी परिषद अधिनियम द्वारा एक उत्तर-पूर्वी परिषद बनाई गई थी।
- क्षेत्रीय परिषद मुख्यालय :
- उत्तरी क्षेत्रीय परिषद: नई दिल्ली
- मध्य क्षेत्रीय परिषद: इलाहाबाद
- पूर्वी क्षेत्रीय परिषद: कोलकाता
- पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद: मुंबई
- दक्षिणी क्षेत्रीय परिषद: चेन्नई **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

18 C

व्याख्या:

- डीप फेक तकनीक शक्तिशाली कंप्यूटर और शिक्षा का उपयोग करके वीडियो, छवियों, ऑडियो में हेरफेर करने की एक विधि है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसका उपयोग फर्जी खबरें उत्पन्न करने और अन्य अवैध कामों के बीच वित्तीय धोखाधड़ी करने के लिये किया जाता है।
- यह पहले से मौजूद वीडियो, चित्र या ऑडियो पर एक डिजिटल सम्मिश्रण द्वारा आवरित करता है; साइबर अपराधी इसक लिये कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक का इस्तेमाल करते हैं।
- भारत में डीप फेक तकनीक के इस्तेमाल के खिलाफ कोई कानूनी नियम नहीं हैं।
- हालाँकि इस तकनीक के दुरुपयोग के संबंध में विशिष्ट कानूनों की मांग की जा सकती है, जिसमें कॉपीराइट उल्लंघन, मानहानि और साइबर अपराध आदि शामिल हों। **अतः कथन 2 सही है।**

19 C

व्याख्या:

### केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB):


- केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का गठन एक सांविधिक संगठन के रूप में जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के अंतर्गत सितंबर 1974 को किया गया। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह बोर्ड पर्यावरण (सुरक्षा) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों के अंतर्गत पर्यावरण एवं वन मंत्रालय को तकनीकी सेवाएँ भी उपलब्ध कराता है।
- इसके पश्चात् केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के अंतर्गत शक्तियाँ व कार्य सौंपे गए।
- इस बोर्ड के प्रमुख कार्य हैं:
- जल प्रदूषण की रोकथाम, नियंत्रण और उपशमन द्वारा राज्यों के विभिन्न क्षेत्रों में नालों तथा कुओं की सफाई को बढ़ावा देना।
- वायु की गुणवत्ता में सुधार करना और देश में वायु प्रदूषण को रोकना, नियंत्रित करना या कम करना। **अतः कथन 2 सही है।**

**नोट :**

20 D

व्याख्या:

हाल ही में राजस्थान राज्य द्वारा प्रसिद्ध ताल छापर कृष्णमृग (ब्लैकबक) अभयारण्य, चूरू के इको सेंसिटिव ज़ोन के आकार को कम करने के प्रस्ताव के विरुद्ध उक्त अभ्यारण्य को संरक्षण प्राप्त हुआ है।




21 A

व्याख्या:

- यह वैश्विक अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में जैवविविधता के विचारों को प्रतिबिंबित करने के लिये तत्काल और एकीकृत कार्रवाई की मांग करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- घोषणा को अपनाने से एक नए वैश्विक जैवविविधता समझौते को गति मिलेगी।
- जैविक विविधता पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में पक्षकारों के चल रहे 15वें सम्मेलन में 100 से अधिक देशों द्वारा कुनमिंग घोषणा को अपनाया गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

उत्तर: C

व्याख्या:

- यह नीति रेवेन्यू शेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट (RSC) के नए मॉडल पर आधारित है, इसे पहले के प्रोडक्शन शेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट (PSC) के बदले लाया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इंडियन सेडिमेंट्रीबेसिन में तेल और गैस के उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हाइड्रोकार्बन अन्वेषण एवं लाइसेंसिंग नीति (HELP) शुरू की गई थी।
- HELP नीति के तहत ओपन एकरेज लाइसेंसिंग (OAL) मैकेनिज़्म लॉन्च किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**

23 A

व्याख्या:

- वैश्विक न्यूनतम कर (GMT) विश्व भर में कॉर्पोरेट आय आधार को परिभाषित करने के लिये मानक न्यूनतम कर दर को लागू करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- OECD ने बड़े बहुराष्ट्रीय निगमों के विदेशी मुनाफे पर 15% कॉर्पोरेट न्यूनतम कर का प्रस्ताव किया है, जो देशों को 150 बिलियन अमेरिकी डॉलर का नया वार्षिक कर राजस्व प्रदान करेगा।

**नोट :**

- GMT का उद्देश्य कम कर दरों के माध्यम से राष्ट्रों की कर प्रतिस्पर्द्धा से हतोत्साहित करना है, क्योंकि इसकी वजह से कॉर्पोरेट लाभ में बदलाव और कर आधार का क्षरण होता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि वैश्विक परिचालन वाले बड़े व्यवसायों को टैक्स बचाने के लिये टैक्स हेवन में रहने से लाभ की प्राप्ति न हो।
  - न्यूनतम कर और अन्य प्रावधानों का उद्देश्य विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिये सरकारों के बीच दशकों से चली आ रही कर प्रतिस्पर्द्धा को समाप्त करना है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

24 B

व्याख्या:

- हाल ही में प्रोजेक्ट-75 की INS 'वागीर' नाम की 5वीं स्कॉर्पीन क्लास पनडुब्बी भारतीय नौसेना को सौंपी गई है।
- इसका नाम सैंड फिश के नाम पर रखा गया है, जो हिंद महासागर की एक खतरनाक शिकारी है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह भारत में बनाई जा रही 6 कलवरी-श्रेणी की पनडुब्बियों का ही हिस्सा है। **अत: कथन 2 सही है।**
- कलवरी-श्रेणी की पनडुब्बियों में युद्ध-रोधी और सबमरीन-रोधी संचालन, खुफिया जानकारी एकत्र करने तथा निगरानी एवं माइन बिछाने सहित विभिन्न प्रकार के नौसेना युद्धों में संचालन की क्षमता है।

25 C

व्याख्या:

- बजट प्रस्तावों पर चर्चा और अनुदानों की मांगों पर मतदान के बाद विनियोग विधेयक लोकसभा में पेश किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- संसदीय वोट में विनियोग विधेयक पारित न होने पर सरकार द्वारा इस्तीफा या आम चुनाव कराया जाएगा।
- विनियोग विधेयक के अधिनियमित होने तक सरकार भारत की संचित निधि से पैसा नहीं निकाल सकती है। हालाँकि इसमें समय लगता है और सरकार को अपनी सामान्य गतिविधियाँ चलाने के लिये धन की आवश्यकता होती है। तत्काल खर्चों को पूरा करने के लिये संविधान ने लोकसभा को वित्तीय वर्ष के एक हिस्से के लिये अग्रिम अनुदान देने हेतु अधिकृत किया है। इस प्रावधान को 'लेखानुमोदन' के नाम से जाना जाता है।
- लेखानुदान को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 116 में परिभाषित किया गया है।

26 C

व्याख्या:

- समर्थ (वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण योजना) एक प्रमुख कौशल विकास योजना है जिसे वस्त्र क्षेत्र में एकीकृत कौशल विकास योजना की निरंतरता में अनुमोदित किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- प्रबंधन सूचना प्रणाली (Management Information System- MIS) कार्यान्वयन एजेंसियों के पंजीकरण और उन्हें पैनलबद्ध करने के लिये एक एकीकृत मंच के रूप में कार्य करेगी।
- योजना की निगरानी और कार्यान्वयन के लिये एक केंद्रीकृत वेब-आधारित प्रबंधन सूचना प्रणाली (MIS) स्थापित की गई है। **अत: कथन 2 सही है।**

27 C

व्याख्या:

- राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत नवाचार और कृषि-उद्यमिता विकास कार्यक्रम शुरू किया गया है ताकि वित्तीय सहायता प्रदान करके और ऊष्मायन पारिस्थितिकी तंत्र का पोषण करके नवाचार और कृषि-उद्यमिता को बढ़ावा दिया जा सके। **अत: कथन 1 सही है।**
- क्यारी इनोवेशन भारत और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने पर केंद्रित है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसके लिये ANIDERS- एनिमल इंट्रूज़न डिटेक्शन एंड रिपेलेंट सिस्टम नामक एक अभिनव/नवीन उत्पाद का भी निर्माण किया गया है।

नोट :

28 C

व्याख्या:

- विश्व विरासत स्थल यूनेस्को की विश्व विरासत सूची (World Heritage List) में शामिल विभिन्न क्षेत्रों या वस्तुओं को संदर्भित करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह सूची यूनेस्को द्वारा वर्ष 1972 में अपनाई गई 'विश्व सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण से संबंधित कन्वेंशन' नामक एक अंतर्राष्ट्रीय संधि में सन्निहित है।
- विश्व विरासत केंद्र वर्ष 1972 में हुए कन्वेंशन का सचिवालय है।
- यह पूरे विश्व में उत्कृष्ट सार्वभौमिक मूल्यों के प्राकृतिक और सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण को बढ़ावा देता है।
- इसमें तीन प्रकार के स्थल शामिल हैं: सांस्कृतिक, प्राकृतिक और मिश्रित।
- सांस्कृतिक विरासत (Cultural Heritage) स्थलों में ऐतिहासिक इमारत, शहर स्थल, महत्त्वपूर्ण पुरातात्त्विक स्थल, स्मारकीय मूर्तिकला और पेंटिंग कार्य शामिल किये जाते हैं।
- प्राकृतिक विरासत (Natural Heritage) में उत्कृष्ट पारिस्थितिक और विकासवादी प्रक्रियाएँ, अद्वितीय प्राकृतिक घटनाएँ, दुर्लभ या लुप्तप्राय प्रजातियों के आवास स्थल आदि शामिल किये जाते हैं।
- मिश्रित विरासत (Mixed Heritage) स्थलों में प्राकृतिक और सांस्कृतिक दोनों प्रकार के महत्त्वपूर्ण तत्त्व शामिल होते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- भारत में यूनेस्को द्वारा मान्यता प्राप्त कुल 40 विरासत धरोहर स्थल (32 सांस्कृतिक, 7 प्राकृतिक और 1 मिश्रित) हैं। इनमें शामिल धौलावीरा का हड़प्पा शहर और काकतीय रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर सबसे नए हैं।
- हाल ही में गुजरात के वड़नगर शहर, मोढेरा में प्रतिष्ठित सूर्य मंदिर और त्रिपुरा में उनाकोटि की चट्टानों को काट कर बनाई गई मूर्तियों के रूप में इन तीन स्थलों को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन' (United Nations Educational, Scientific and Cultural Organization- UNESCO) की विश्व धरोहर स्थलों की अस्थायी सूची में शामिल किया गया है। **अतः कथन 3 सही है।**

29 B

व्याख्या:

- एकीकृत तटीय क्षेत्र प्रबंधन योजना (Integrated Coastal Zone Management Plan- ICZM) स्थिरता प्राप्त करने के प्रयास में भौगोलिक और राजनीतिक सीमाओं सहित तटीय क्षेत्र के सभी पहलुओं के संबंध में एक एकीकृत दृष्टिकोण का उपयोग करके तट के प्रबंधन के लिये एक प्रक्रिया है।
- इस अवधारणा का जन्म वर्ष 1992 में रियो डी जनेरियो के पृथ्वी शिखर सम्मेलन के दौरान हुआ था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- ICZM के बारे में विशिष्टताओं को एजेंडा 21 के अंतर्गत शिखर सम्मेलन की कार्यवाही में निर्धारित किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**

30 D

व्याख्या:

- पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन (OPEC) एक स्थायी, अंतर-सरकारी संगठन है, जिसकी स्थापना वर्ष 1960 में बगदाद सम्मेलन में ईरान, इराक, कुवैत, सऊदी अरब और वेनेज़ुएला द्वारा की गई थी।
- इस संगठन का उद्देश्य अपने सदस्य देशों की पेट्रोलियम नीतियों का समन्वय और एकीकरण करना तथा उपभोक्ता को पेट्रोलियम की कुशल, आर्थिक व नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये तेल बाज़ारों का स्थिरीकरण सुनिश्चित करना है।
- इसका मुख्यालय वियना, ऑस्ट्रिया में है।
- 2019 तक OPEC के कुल 14 देश- ईरान, इराक, कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, अल्जीरिया, लीबिया, नाइजीरिया, गैबॉन, इक्वेटोरियल गिनी, कांगो गणराज्य, अंगोला, इक्वाडोर और वेनेज़ुएला सदस्य हैं।
- जॉर्डन OPEC का सदस्य नहीं है। **अतः विकल्प D सही है।**

**नोट :**

31 D

व्याख्या:

डोकरा धातु शिल्प:

- वर्ष 2018 में पश्चिम बंगाल के डोकरा शिल्प को भौगोलिक संकेतक (Geographical Indication- GI) टैग के साथ प्रस्तुत किया गया था। पश्चिम बंगाल का लालबाज़ार न केवल एक कला केंद्र है, बल्कि एक लोकप्रिय धातु शिल्प, डोकरा का केंद्र भी बन रहा है। **अतः विकल्प D सही है।**
- डोकरा झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और तेलंगाना जैसे राज्यों में रहने वाले ओझा धातुकर्मियों द्वारा प्रचलित बेल धातु शिल्प का एक रूप है।
- हालाँकि इस कारीगर समुदाय की शैली और कारीगरी भी अलग-अलग राज्यों में भिन्न है।
- ढोकरा या डोकरा को बेल मेटल क्राफ्ट के रूप में भी जाना जाता है।
- ढोकरा नाम ढोकरा डामर जनजातियों से लिया गया है, जो पश्चिम बंगाल के पारंपरिक धातुकर्मी हैं।
- लॉस्ट वैक्स कास्टिंग की उनकी तकनीक का नाम उनकी जनजाति के नाम पर ढोकरा धातु की ढलाई रखा गया है।
- डोकरा कलाकृतियाँ पीतल की हैं और इस मायने में अनूठी हैं कि इन टुकड़ों में कोई जोड़ नहीं होता है। यह तकनीक लॉस्ट वैक्स कास्टिंग और धातुशोधन का संयोजन है, जिसमें साँचे का उपयोग केवल एक बार किया जाता है और निर्माण के बाद तोड़ दिया जाता है, जिससे यह कला दुनिया में अपनी तरह की एकमात्र कला बन जाती है।
- यह जनजाति झारखंड से लेकर ओडिशा, छत्तीसगढ़, राजस्थान और केरल तक फैली हुई है।
- प्रत्येक मूर्ति को बनाने में लगभग एक माह का समय लगता है।
- मोहनजोदड़ो (हड़प्पा सभ्यता) की नृत्यांगना सबसे पुरानी ढोकरा कलाकृतियों में से एक है जिसे अब जाना जाता है।
- डोकरा कला का उपयोग अभी भी कलाकृतियों, सामान, बर्तनों और आभूषणों को बनाने के लिये किया जाता है।



32 C

व्याख्या:

- भारत में वर्ष 2023 के मध्य तक स्कूलों के माध्यम से 9-14 वर्ष की आयु की लड़कियों में सर्वाइकल/ग्रीवा कैंसर की रोकथाम के लिये स्वदेशी रूप से विकसित CERVAVAC वैक्सीन को लगाने की उम्मीद है।
- वैक्सीन के बारे में:
- यह भारत का पहला स्वदेशी रूप से विकसित क्वाड्रिवेलेंट ह्यूमन पैपिलोमावायरस वैक्सीन (qHPV) है, इसे वायरस के चार स्ट्रेन- टाइप 6, टाइप 11, टाइप 16 और टाइप 18 के खिलाफ प्रभावी बताया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह एक चतु:संयोजक वैक्सीन टीका है जो चार अलग-अलग एंटीजन जैसे चार भिन्न-भिन्न वायरस या अन्य सूक्ष्मजीवों के खिलाफ प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को उत्तेजित करके काम करती है।
- CERVAVAC हेपेटाइटिस बी टीकाकरण के समान VLP (वायरस-लाइक पार्टिकल्स) पर आधारित है। **अत: कथन 2 सही है।**
- सर्वाइकल कैंसर:
- सर्वाइकल कैंसर एक महिला के गर्भाशय ग्रीवा में विकसित होता है। यह विश्व स्तर पर महिलाओं में चौथा सबसे आम प्रकार का कैंसर है और भारत में महिलाओं में दूसरा सबसे आम प्रकार है।
- सर्वाइकल कैंसर के लगभग सभी मामले (99%) उच्च जोखिम वाले HPV संक्रमण से जुड़े हैं, जो यौन संपर्क के माध्यम से प्रसारित होने वाला एक अत्यंत सामान्य वायरस है।
- प्रभावी प्राथमिक (HPV टीकाकरण) और माध्यमिक रोकथाम दृष्टिकोण (कैंसर पूर्ववर्ती घावों के लिये जाँच एवं उपचार) सर्वाइकल कैंसर के अधिकांश मामलों को रोकने में सक्षम होगा।

33 A

व्याख्या:

- संवैधानिक प्रावधान के संबंध में:
- सहकारिता, संविधान के तहत एक राज्य का विषय है जिसका अर्थ है कि वे राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में आते हैं लेकिन कई समितियाँ हैं जिनके सदस्य और संचालन के क्षेत्र एक से अधिक राज्यों में फैले हुए हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- उदाहरण के लिये कर्नाटक-महाराष्ट्र सीमा पर स्थित अधिकांश चीनी मिलें दोनों राज्यों से गन्ना खरीदती हैं।
- बहु-राज्य सहकारी समितियाँ (MSCS) अधिनियम, 2002 के तहत एक से अधिक राज्यों की सहकारी समितियाँ पंजीकृत हैं।
- इनके निदेशक मंडल में उन सभी राज्यों का प्रतिनिधित्व होता है जिनमें वे कार्य करते हैं।
- इन समितियों का प्रशासनिक और वित्तीय नियंत्रण केंद्रीय रजिस्ट्रार के पास है एवं कानून यह स्पष्ट करता है कि राज्य सरकार का कोई भी अधिकारी उन पर नियंत्रण नहीं रख सकता है।
- भाग IXB को 97वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 2011 के माध्यम से संविधान में सम्मिलित किया गया था। इसके बाद अधिनियम में संशोधन करना अनिवार्य हो गया है।
- 97वें संशोधन के तहत:
- सहकारी समितियों के गठन के अधिकार को स्वतंत्रता के अधिकार (अनुच्छेद 19 (1) के रूप में शामिल किया गया। **अत: कथन 1 सही है।**
- सहकारी समितियों का प्रचार राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों (अनुच्छेद 43-बी) के रूप में किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**

34 A

व्याख्या:

- CMIE के अनुसार, श्रम बल में वे लोग शामिल हैं जो 15 वर्ष या उससे अधिक उम्र के हैं और निम्नलिखित दो श्रेणियों में से किसी एक से संबंधित हैं:
- नियोजित कर्मचारी

**नोट :**

- बेरोज़गार हैं और काम करने के इच्छुक हैं एवं सक्रिय रूप से नौकरी की तलाश कर रहे हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- इन दो श्रेणियों में लोग रोज़गार की मांग करते हैं। LFPR इसी मांग को संदर्भित करता है।
- इस प्रकार LFPR अनिवार्य रूप से काम करने की उम्र (15 वर्ष या उससे अधिक) की आबादी का प्रतिशत है जो रोज़गार की मांग कर रही है।
- भारत में LFPR न केवल शेष विश्व की तुलना में कम है बल्कि इसमें गिरावट भी हो रही है।
- भारत में LFPR पिछले 10 वर्षों में कम हो रहा है और वर्ष 2016 में 47% से घटकर दिसंबर 2021 तक केवल 40% हो गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

35 C

व्याख्या:

- यह वर्तमान में मौजूदा बौद्ध धर्म की सबसे प्राचीन शाखा है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह बुद्ध की मूल शिक्षाओं के सबसे करीब है।
- थेरवाद बौद्ध धर्म श्रीलंका में विकसित हुआ और बाद में दक्षिण-पूर्व एशिया के बाकी हिस्सों में इसका प्रसार हुआ। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह कंबोडिया, लाओस, म्याँमार, श्रीलंका और थाईलैंड का प्रमुख धर्म है।

36 C

व्याख्या:

- स्वामित्व (SVAMITVA) पंचायती राज मंत्रालय की एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।
- योजना ग्रामीण बसे हुए (आबादी) क्षेत्रों में संपत्ति के स्पष्ट स्वामित्व की स्थापना की दिशा में एक सुधारात्मक कदम है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस योजना का उद्देश्य GIS मानचित्रों का उपयोग करके एक बेहतर गुणवत्ता वाली ग्राम पंचायत विकास योजना (GPDP) तैयार करने में सहायता करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इस योजना का उद्देश्य सही अर्थों में ग्राम स्वराज प्राप्त करना और ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाना है।

37 B

व्याख्या:

- हाल ही में प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (Economic Advisory Council to the Prime Minister- EAC-PM) द्वारा भारत के राज्यों और ज़िलों के लिये सामाजिक प्रगति सूचकांक (Social Progress Index- SPI) जारी किया गया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- SPI एक व्यापक तकनीक है जो राष्ट्रीय और उप-राष्ट्रीय स्तरों पर किसी राष्ट्र की सामाजिक आर्थिक उन्नति का पूर्ण मूल्यांकन प्रदान कर सकती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इस रिपोर्ट का उद्देश्य देश में सभी स्तरों पर की गई सामाजिक प्रगति का एक व्यवस्थित विवरण प्रदान करना है।
- यह सूचकांक राज्य स्तर पर 89 और ज़िला स्तर पर 49 संकेतकों वाले एक व्यापक रूपरेखा का उपयोग करता है।
- यह सूचकांक सामाजिक प्रगति के तीन महत्त्वपूर्ण आयामों में 12 घटकों के आधार पर राज्यों और ज़िलों का आकलन करता है: बुनियादी मानवीय आवश्यकताएँ, कल्याण की नींव,अवसर
- उच्चतम SPI स्कोर: पुदुचेरी, **अतः कथन 3 सही है।**
- न्यूनतम SPI स्कोर: झारखंड और बिहार
- बुनियादी मानवीय आवश्यकताएँ: गोवा, पुदुचेरी, लक्षद्वीप और चंडीगढ़ जल, स्वच्छता और आश्रय के क्षेत्र सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वाले शीर्ष चार राज्य हैं।
- कल्याण की नींव: मिज़ोरम, हिमाचल प्रदेश, लद्दाख और गोवा सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले राज्यों के रूप में उभरे हैं।

**नोट :**

- पर्यावरणीय गुणवत्ता के लिये मिज़ोरम, नगालैंड और मेघालय शीर्ष तीन राज्य हैं।
- अवसर: अवसर प्रदान करने के संबंध में तमिलनाडु ने उच्चतम स्कोर हासिल किया है।
- सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शीर्ष ज़िले: आइज़ोल (मिज़ोरम), सोलन (हिमाचल प्रदेश) और शिमला (हिमाचल प्रदेश) सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शीर्ष तीन ज़िलों के रूप में उभरे हैं।

38 A

व्याख्या:

- किसान क्रेडिट कार्ड योजना की शुरुआत वर्ष 1998 में की गई थी। किसानों की ऋण आवश्यकताओं (कृषि संबंधी खर्चों) की पूर्ति के लिये पर्याप्त एवं समय पर ऋण की सुविधा प्रदान करने, साथ ही आकस्मिक खर्चों के अलावा सहायक कार्यकलापों से संबंधित खर्चों की पूर्ति करने के उद्देश्य से यह योजना प्रस्तुत की गई थी। यह ऋण सुविधा आवश्यकता के आधार पर एक सरल कार्यविधि के माध्यम से प्रदान की जाती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- बजट 2018-19 में सरकार ने मत्स्य पालन और पशुपालक किसानों को उनकी कार्यशील पूंजी की ज़रूरतों को पूरा करने में मदद के लिये किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) की सुविधा के विस्तार की घोषणा की।
- कार्यान्वयन एजेंसियाँ:
- वाणिज्यिक बैंक
- क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (RRBs)
- लघु वित्त बैंक
- सहकारी समितियाँ **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

39 D

व्याख्या:

- अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के क्षेत्र में सैन्य कूटनीति हाल के वर्षों में राष्ट्रों के राजनयिक हितों को आगे बढ़ाने वाले एक प्रमुख उपकरण के रूप में उभरी है।
- अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सैन्य अभ्यासों में भागीदारी सदस्य राष्ट्रों के बीच उच्चतम स्तर के भरोसे का संकेत है।
- परिचालन पक्ष में, सैन्य अभ्यास सेनाओं को एक-दूसरे के अभ्यास और प्रक्रियाओं को समझने, भाषा संबंधी बाधाओं को दूर करने और उपकरण क्षमताओं के साथ परिचित कराने में सक्षम बनाता है।
- सद्भावना के अलावा, यह राष्ट्र की सॉफ्ट पावर- संस्कृति, भाषा, रीति-रिवाजों, विश्वासों, भोजन की आदतों और जीवन शैली के आदान-प्रदान का एक साधन है।
- अन्य देशों के साथ भारत के संयुक्त सैन्य अभ्यास:
- गरुड़ शक्ति - इंडोनेशिया
- हैंड इन हैंड - चीन
- कुरुक्षेत्र - सिंगापुर
- मित्र शक्ति - श्रीलंका
- नोमैडिक एलीफैंट - मंगोलिया
- युद्ध अभ्यास - संयुक्त राष्ट्र **अत: विकल्प D सही है।**

40 B

व्याख्या:

- अतीत में ऐसे कई उदाहरण हैं जहाँ रॉकेट पृथ्वी के कुछ हिस्सों पर गिरे हैं।
- वर्ष 2018 में रूसी रॉकेट और वर्ष 2020 तथा 2022 में चीन के लॉन्ग मार्च 5 बी रॉकेट के टुकड़े इंडोनेशिया, पेरू, भारत और आइवरी कोस्ट के कुछ हिस्सों पर गिरे थे।

**नोट :**

- स्पेसएक्स फाल्कन 9 के कुछ हिस्से जो वर्ष 2016 में इंडोनेशिया में गिरे थे, उनमें दो "रेफ्रिज़रेटर के आकार के ईंधन टैंक" शामिल थे।
- रॉकेट चरणों को हमेशा नियंत्रित पुन: प्रवेश करने के लिये कोई विश्वव्यापी समझौता नहीं किया गया है, न ही ऐसा करने के लिये कोई प्रौद्योगिकी/तकनीक विद्यमान है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- उत्तरदायित्त्व समझौता 1972 के तहत देशों के लिये नुकसान की भरपाई करना आवश्यक है न कि नुकसान को रोकना। **अत: कथन 2 सही है।**

41 B

व्याख्या:

- बेनिन ब्रॉन्ज़ वर्तमान नाइजीरिया में बेनिन के प्राचीन साम्राज्य की 3,000 से अधिक मूर्तियों और कलाकृतियों का एक समूह है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह लगभग 16वीं शताब्दी का है।
- बेनिन साम्राज्य को एदो साम्राज्य के नाम से भी जाना जाता है। बेनिन साम्राज्य पश्चिमी अफ्रीका में 1200 से 1800 CE तक फला-फूला जो अब नाइजीरिया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- ये कलाकृतियाँ बेनिन साम्राज्य की संस्कृति के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों के साथ इसके संबंधों के बारे में अंतर्दृष्टि प्रदान करती हैं। इनमें से कुछ कलाकृतियाँ यूरोपीय लोगों के साथ राज्य के संबंधों की भी प्रदर्शित करती हैं।

42 C

व्याख्या:

- ई-गवर्नेंस को समग्र रूप से बढ़ावा देने हेतु कोर और सपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के लिये विभिन्न नीतिगत पहल व परियोजनाएँ शुरू की गई हैं।
- राज्य डेटा केंद्र (SDCs), स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क (S.W.A.N), सामान्य सेवा केंद्र (CSCs) प्रमुख बुनियादी ढाँचागत घटक हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- एकीकृत किसान सेवा मंच (UFSP):
- यह एक ऐसा मंच है जो कृषि क्षेत्र में विभिन्न सार्वजनिक और निजी IT प्रणालियों की निर्बाध अंत:क्रियाशीलता में मदद करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह कृषि पारिस्थितिकी तंत्र में एक केंद्रीय एजेंसी के रूप में कार्य करता है।
- यह सेवा प्रदाताओं के पंजीकरण को भी सक्षम बनाता है।

43 A

व्याख्या:

- इसका सीबेड से कोई संपर्क नहीं है और जिसके कारण यह मछली पकड़ने का एक निम्न स्तर हो सकता है ।
- इस तकनीक का उपयोग भारत के पश्चिमी तटों पर व्यापक रूप से किया जाता है।**अत: कथन 1 सही है।**
- इसका उपयोग खुले समुद्र में टूना और मैकेरल जैसी एकल-प्रजाति के पेलाजिक (मिडवाटर) मछली के समूहों को लक्षित करने के लिये किया जाता है।
- वर्तमान में तमिलनाडु, केरल, पुद्दुचेरी, ओडिशा, दादरा और नगर हवेली, दमन एवं दीव, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के प्रादेशिक जल में 12 समुद्री मील तक पर्स सीन फिशिंग पर प्रतिबंध लागू है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

44 C

व्याख्या:

- GM फसलें उन पौधों से प्राप्त होती हैं जिनके जीन कृत्रिम रूप से संशोधित किये जाते हैं, आमतौर इसमें किसी अन्य फसल के आनुवंशिक गुणों जैसे- उपज में वृद्धि, खरपतवार के प्रति सहिष्णुता, रोग या सूखे से प्रतिरोध या बेहतर पोषण मूल्य का समामेलन किया जा सके। **अत: कथन 1 सही है।**

- इससे पहले भारत ने केवल एक GM फसल BT कपास की व्यावसायिक खेती को मंज़ूरी दी थी, लेकिन GEAC ने व्यावसायिक उपयोग के लिये GM सरसों की सिफारिश की है। **अतः कथन 2 सही है।**

45 A

व्याख्या:

### शराब के संबंध में भारतीय संविधान में प्रावधान:

- राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांत (DPSP) (अनुच्छेद 47):
- इसमें उल्लेख किया गया है कि राज्य सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार के लिये कदम उठाएगा और नशीले पेय तथा स्वास्थ्य के लिये हानिकारक नशीले पदार्थों के सेवन पर रोक लगाएगा। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- हालाँकि DPSPs कानूनी रूप से लागू करने योग्य नहीं हैं, वे लक्ष्य निर्धारित करते हैं कि राज्य को ऐसी स्थितियाँ स्थापित करने की आकांक्षा रखनी चाहिये जिसके तहत नागरिक एक अच्छा जीवन जी सकें।
- इस प्रकार भारतीय संविधान शराब को एक अवांछनीय बुराई के रूप में देखता है जिसे राज्यों द्वारा नियंत्रित करने की आवश्यकता है।
- सातवीं अनुसूची:
- संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुसार, शराब एक राज्य का विषय है, यानी राज्य विधानसभाओं के पास इसके बारे में कानूनों का मसौदा तैयार करने का अधिकार और ज़िम्मेदारी है, जिसमें "मादक पदार्थ शराब का उत्पादन, निर्माण, कब्ज़ा, परिवहन, खरीद एवं बिक्री" शामिल है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस प्रकार शराबबंदी और निजी बिक्री के बीच पूरे स्पेक्ट्रम में आने वाले शराब के संबंध में कानून सभी राज्यों में अलग-अलग हैं।

46 C

व्याख्या:

- सरकार परंपरागत कृषि विकास योजना (PKVY) की समर्पित योजना के तहत जैविक खेती को बढ़ावा दे रही है, जो शून्य बजट प्राकृतिक खेती सहित सभी प्रकार की रसायन मुक्त कृषि प्रणालियों को प्रोत्साहित करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (National Sample Survey Office- NSSO) के आँकड़ों के अनुसार, सभी किसान उर्वरक और रासायनिक कीटनाशकों जैसे कृषि आदानों 50 प्रतिशत से अधिक बढ़ती लागत के कारण कर्ज में डूबे हुए हैं।
- गाय के गोबर और गोमूत्र से जीवामृत तैयार किया जाता है। यह पौधों के लिये आदान के रूप में प्रयोग किया जाता है। यह गाय के गोबर, मूत्र, गुड़, दाल के आटे और बिना दूषित मृदा से प्राप्त एक फेर्मेंटेड माइक्रोबियल कल्चर है। **अतः कथन 2 सही है।**

47 D

व्याख्या:

- गुरु गोबिंद सिंह दस सिख गुरुओं में से अंतिम थे।
- गुरु गोबिंद सिंह अपने पिता 'गुरु तेग बहादुर' यानी नौवें सिख गुरु की मृत्यु के बाद 9 वर्ष की आयु में 10वें सिख गुरु बने। **अतः कथन 1 सही है।**
- वर्ष 1708 में उनकी हत्या कर दी गई थी।
- धार्मिक:
- उन्हें सिख धर्म में उनके महत्त्वपूर्ण योगदान के लिये जाना जाता है, जिसमें बालों को ढँकने के लिये पगड़ी भी शामिल है।
- उन्होंने खालसा या पाँच 'क' के सिद्धांत की भी स्थापना की। **अतः कथन 2 सही है।**
- पाँच 'क' केश (बिना कटे बाल), कंघा (लकड़ी की कंघी), कड़ा (लोहे या स्टील का ब्रेसलेट), कृपाण (डैगर) और कचेरा (छोटी जाँघिया) हैं।
- ये आस्था के पाँच प्रतीक हैं जिन्हें एक खालसा को हमेशा धारण करना चाहिये।

नोट :

- उन्होंने खालसा योद्धाओं के पालन करने हेतु कई अन्य नियम भी निर्धारित किये, जैसे- तंबाकू, शराब, हलाल मांस से परहेज आदि। खालसा योद्धा निर्दोष लोगों को उत्पीड़न से बचाने के लिये भी कर्तव्यनिष्ठ थे।
- उन्होंने अपने बाद गुरु ग्रंथ साहिब (खालसा और सिखों की धार्मिक पुस्तक) को दोनों समुदायों का अगला गुरु घोषित किया। **अतः कथन 3 सही है।**

48 B

व्याख्या:

- बम चक्रवात एक तीव्र मध्य अक्षांशीय चक्रवात है, इसके केंद्र में निम्न वायुदाब होता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- तूफान तब बनते हैं जब कम दबाव वाली हवा (गर्म हवा का द्रव्यमान) का एक द्रव्यमान उच्च दबाव वाले द्रव्यमान (ठंडी वायु द्रव्यमान) से मिलता है। वायु उच्च दाब से निम्न दाब की ओर बहती है, जिससे पवनें बनती हैं।
- बम चक्रवात आमतौर पर ठंड के दौरान देखने को मिलते हैं, क्योंकि ये चक्रवात ठंडी और गर्म हवा के मिलन के कारण बनते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

49 C

व्याख्या:

- अटल इनोवेशन मिशन ने पूरे भारत के स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैबोरेटरीज (ATL) की स्थापना की है। इस योजना का उद्देश्य युवा दिमाग में जिज्ञासा, रचनात्मकता और कल्पना को बढ़ावा देना है और कम्प्यूटेशनल थिंकिंग,एडाप्टिव लर्निंग, फिजिकल कंप्यूटिंग इत्यादि जैसे कौशल विकसित करना है।
- अटल नवाचार मिशन (AIM) देश में नवाचार और उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिये भारत सरकार द्वारा की गई एक प्रमुख पहल है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसका उद्देश्य विश्व स्तर के नवाचार केंद्र, वृहद चुनौतियों, स्टार्ट-अप व्यवसायों और अन्य स्व-रोज़गार गतिविधियों (विशेषकर प्रौद्योगिकी आधारित क्षेत्रों में) को बढ़ावा देने के लिये एक मंच के रूप में सेवा प्रदान करना है। यह सुनिश्चित करता है कि छोटे बच्चों को STEM (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) की अवधारणाओं को समझने के लिये उपकरणों और साधनों के साथ काम करने का मौका मिल सके। **अतः कथन 2 सही है।**

50 C

व्याख्या:

- वैधानिक तरलता अनुपात (Statutory Liquidity Ratio- SLR) जमा का न्यूनतम प्रतिशत है (अर्थात् शुद्ध मांग और समय देयता ( Net Demand and Time Liabilities- NDTL) जो एक वाणिज्यिक बैंक को अपने पास रखना होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह संपत्ति निम्नलिखित के रूप में हो सकती है:
- नकद
- सोने की कीमत वर्तमान कीमत से अधिक नहीं है
- सरकारी प्रतिभूतियाँ और ट्रेज़री बिल
- नकद आरक्षित अनुपात (Cash Reserve Ratio- CRR) कुल जमा राशि का न्यूनतम प्रतिशत है जिसे एक वाणिज्यिक बैंक को RBI के पास नकद भंडार के रूप में बनाए रखने की आवश्यकता होती है। **अतः कथन 2 सही है।**

51 D

व्याख्या:

- श्री सीता रामचंद्रस्वामी मंदिर तेलंगाना के भद्राद्री कोठागुडेम ज़िले के भद्राचलम शहर में स्थित श्री राम को समर्पित एक हिंदू मंदिर है। यह गोदावरी नदी के तट पर स्थित दिव्य क्षेत्रों में से एक है और इसे दक्षिण अयोध्या के नाम से जाना जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- रामप्पा मंदिर, जिसे अक्सर रुद्रेश्वर मंदिर कहा जाता है, भारत के तेलंगाना में काकतीय शैली में निर्मित एक हिंदू मंदिर है और यह देवता शिव को समर्पित है। यह यूनेस्को का विश्व धरोहर स्थल है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

52 B

व्याख्या:

- औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के तहत दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण का विनियमन मुख्य रूप से राज्य प्राधिकरणों की चिंता का विषय है, जबकि केंद्रीय प्राधिकरण देश में नई दवाओं के नैदानिक परीक्षणों के अनुमोदन के लिये उत्तरदायी है, जो दवा मानकों के निर्धारण और देश में आयातित दवाओं की गुणवत्ता को नियंत्रित करते हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन CDSCO, विशेषज्ञ सलाह प्रदान कर राज्य औषधि नियंत्रण संगठनों की गतिविधियों के समन्वय हेतु उत्तरदायी है। **अतः कथन 2 सही है।**

53 D

व्याख्या:

- सुरक्षा परिषद में कुल 15 सदस्य होते हैं: पाँच स्थायी सदस्य और दो वर्षीय कार्यकाल हेतु चुने गए दस अस्थायी सदस्य।
- पाँच स्थायी सदस्य संयुक्त राज्य अमेरिका, रूसी संघ, फ्राँस, चीन और यूनाइटेड किंगडम हैं।
- परिषद की अध्यक्षता प्रतिमाह 15 सदस्यों के बीच बदलती रहती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- भारत, आठवीं बार पिछले साल (2021) एक गैर-स्थायी सदस्य के रूप में UNSC में शामिल हुआ है और दो साल यानी 2021-22 तक परिषद में रहेगा। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

54 C

व्याख्या:

- प्राक्कलन समिति:
- परिचय:
- यह पहली बार वर्ष 1920 के दशक में ब्रिटिश काल के दौरान स्थापित हुई थी लेकिन स्वतंत्र भारत की पहली प्राक्कलन समिति वर्ष 1950 में स्थापित की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह समिति बजट में शामिल अनुमानों की जाँच करती है और सार्वजनिक व्यय में 'मितव्ययिता' का सुझाव देती है।
- संसद की अन्य वित्तीय समितियों में शामिल हैं - लोक लेखा समिति और सार्वजनिक उपक्रम समिति।
- सदस्य:
- इसमें 30 सदस्य होते हैं और ये सभी लोकसभा के सदस्य होते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- सदस्यों का चुनाव प्रत्येक वर्ष लोकसभा सदस्यों द्वारा अपने बीच से एकल संक्रमणीय मत प्रणाली और आनुपातिक प्रतिनिधित्व सिद्धांत के अनुसार किया जाता है, ताकि सभी दलों को इसमें उचित प्रतिनिधित्व मिले।
- एक मंत्री को प्राक्कलन समिति के सदस्य/अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित नहीं किया जा सकता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- अध्यक्ष की नियुक्ति लोकसभा अध्यक्ष द्वारा की जाती है जो हमेशा सत्तारूढ़ दल या गठबंधन से होता है।
- कार्य:
- यह सुझाव देती है कि नीति या प्रशासनिक ढाँचे में क्या बदलाव किये जा सकते हैं और अर्थव्यवस्था में दक्षता लाने के लिये किन वैकल्पिक नीतियों पर विचार किया जा सकता है।
- इस समिति का कार्य वर्ष भर चलता रहता है और जैसे-जैसे परीक्षण होता रहता है, यह सदन को रिपोर्ट करती रहती है।
- इसी कारण इस समिति को 'सतत् मितव्ययिता समिति' भी कहा जाता है। **अतः कथन 4 सही है।**

55 B

व्याख्या:

- भारत वर्तमान में विश्व आर्थिक मंच के यात्रा और पर्यटन विकास सूचकांक (2021) में 54वें स्थान पर है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- विश्व यात्रा और पर्यटन परिषद 2019 की रिपोर्ट ने विश्व सकल घरेलू उत्पाद (Gross Domestic Product- GDP) में योगदान के मामले में भारत के पर्यटन को 10वें स्थान पर रखा है।

नोट :

- वर्ष 2021 तक भारत में यूनेस्को की विश्व विरासत सूची (32 सांस्कृतिक, 7 प्राकृतिक और 1 मिश्रित) में सूचीबद्ध 40 स्थल हैं।
- धौलावीरा और रामप्पा मंदिर नवीनतम हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

56 C

व्याख्या:

- GNPA अनुपात की गणना बैंक या वित्तीय संस्थान द्वारा रखी गई सभी संपत्तियों के कुल मूल्य से गैर-निष्पादित संपत्तियों के कुल मूल्य को विभाजित करके की जाती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यदि बैंक या वित्तीय संस्थान का उच्च GNPA अनुपात है, तो उसे इन गैर-निष्पादित संपत्तियों से होने वाले संभावित नुकसान की क्षतिपूर्ति करने के लिये अतिरिक्त धनराशि निर्धारित करने की आवश्यकता हो सकती है।
- उच्च GNPA अनुपात संस्थान की प्रतिष्ठा को भी नुकसान पहुँचा सकता है और पूंजी जुटाने या निवेशकों को आकर्षित करने में बाधा उत्पन्न कर सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**

57 A

व्याख्या:

- मुख्य सूचना आयुक्त और एक सूचना आयुक्त केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित अवधि के लिये या 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो, पद धारण करेंगे एवं पुनर्नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होंगे। **अतः कथन 1 सही है।**
- राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त और राज्य के सूचना आयुक्त के वेतन, भत्ते तथा अन्य सेवा संबंधी शर्तें केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित की जाएंगी। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

58 A

व्याख्या :

- हाल ही में भारत-सहायता प्राप्त 720 मेगावाट मांगदेछू जलविद्युत परियोजना (मांगदेछू नदी पर) को ड्रुक ग्रीन पावर कॉरपोरेशन (DGPC), भूटान को सौंप दिया गया। इस परियोजना की कल्पना 2010 में की गई थी।
- इस परियोजना के साथ दोनों ने 4 मेगा जलविद्युत परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा किया है। भारत और भूटान के बीच जलविद्युत क्षेत्र में सहयोग भारत को स्वच्छ विद्युत प्रदान करने वाले पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग का एक उदाहरण है जो भूटान के लिये निर्यात राजस्व पैदा करता है। **अतः विकल्प A सही है।**

59 A

व्याख्या :

**धनु जात्रा:**

- हाल ही में दुनिया का सबसे बड़ा ओपन-एयर थिएटर माना जाने वाला धनु जात्रा उत्सव शुरू हुआ। यह देश की आज़ादी के उत्सव के हिस्से के रूप में वर्ष 1947-48 में बारगढ़ (ओडिशा) में अस्तित्व में आया तब से इसे प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है।
- यह यात्रा 'भागवत पुराण' में वर्णित कंस द्वारा आयोजित 'धनुष' समारोह को देखने के लिये भगवान कृष्ण की मथुरा (UP) यात्रा के प्रकरण से संबंधित है। यह उत्सव पौष पूर्णिमा (प्रत्येक वर्ष दिसंबर-जनवरी में पड़ता है) से पहले 7 से 11 दिनों तक मनाया जाता है।
- ऐसा ही एक त्योहार 'जगन्नाथ रथ यात्रा' (जिसे रथ महोत्सव भी कहा जाता है) ओडिशा में भी आयोजित किया जाता है। **अतः विकल्प A सही है।**

60 D

व्याख्या:

- सरकारिया आयोग, जिसे केंद्र-राज्य संबंध आयोग के रूप में भी जाना जाता है, को 1983 में राज्यों और केंद्र के बीच राजनीतिक व प्रशासनिक संबंधों की समीक्षा करने हेतु तथा सरकार के दो स्तरों के बीच समन्वय एवं सहयोग में सुधार हेतु सिफारिशों की संस्तुति करने के लिये भारत सरकार द्वारा गठित आयोग था। **अतः विकल्प D सही है।**

61 B

व्याख्या:

- प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कवर किये गए सभी लाभार्थियों को प्रति व्यक्ति प्रतिमाह 5 किलोग्राम खाद्यान्न मुफ्त प्रदान किया जाता है, जिसमें प्रत्यक्ष लाभ अंतरण भी शामिल है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसका नोडल मंत्रालय वित्त मंत्रालय है।
- वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत कोई भी प्रवासी श्रमिक या लाभार्थी पोर्टेबिलिटी के माध्यम से मुफ्त राशन का लाभ उठा सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**

62 D

व्याख्या:

- मंत्रिपरिषद सामूहिक रूप से लोकसभा के प्रति उत्तरदायी होगी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- प्रधानमंत्री और अन्य मंत्री सामूहिक रूप से मंत्रिपरिषद के लिये उत्तरदायी होते हैं।
- मंत्रियों की कुल संख्या लोकसभा की कुल संख्या के 15% से अधिक नहीं हो सकती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

63 D

व्याख्या:

### आठ कोर सेक्टर:

- आठ प्रमुख उद्योगों में शामिल हैं- कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, स्टील, सीमेंट और बिजली का उत्पादन।
- औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) में इन उद्योगों का भारांश 40.27 प्रतिशत है।
- घटते क्रम में इन उद्योगों का भारांश: रिफाइनरी उत्पाद> बिजली> स्टील> कोयला> कच्चा तेल> प्राकृतिक गैस> सीमेंट> उर्वरक।

64 A

व्याख्या :

- OBC शिक्षा और रोज़गार में सकारात्मक कार्रवाई के लिये भारत सरकार द्वारा पहचाने गए सामाजिक और शैक्षिक रूप से वंचित समुदायों का एक समूह है। **अतः विकल्प ( A )सही है।**
- OBC श्रेणी का विकास:
- वर्ष 1953 में स्थापित कालेलकर आयोग, राष्ट्रीय स्तर पर अनुसूचित जातियों (SC) और अनुसूचित जनजातियों (ST) के अलावा अन्य पिछड़े वर्गों की पहचान करने वाला पहला आयोग था।
- वर्ष 1980 में प्रस्तुत मंडल आयोग की रिपोर्ट में OBC जनसंख्या 52% होने का अनुमान लगाया गया था और 1,257 समुदायों को पिछड़े के रूप में वर्गीकृत किया गया था।
- इसने OBC को शामिल करने के लिये मौजूदा कोटा, जो केवल SC/ST के लिये था, को 22.5% से बढ़ाकर 49.5% करने की सिफारिश की।
- केंद्र सरकार ने OBC के लिये यूनियन सिविल पदों और सेवाओं में 27% सीटें आरक्षित की हैं [अनुच्छेद 16 (4)]। कोटा बाद में केंद्र सरकार के शैक्षणिक संस्थानों में लागू किया गया [अनुच्छेद 15 (4)]।
- वर्ष 2008 में सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को OBC के बीच क्रीमी लेयर (उन्नत वर्ग) को बाहर करने का निर्देश दिया।
- 102वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2018 ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (NCBC) को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया, जो पहले सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत एक वैधानिक निकाय था।

65 C

व्याख्या:

- उद्यम पूंजी एक प्रकार का वित्तपोषण है जो धनी व्यक्तियों या फर्मों द्वारा कंपनी में स्वामित्व हिस्सेदारी के बदले छोटे स्टार्टअप को उनके प्रारंभिक चरण में प्रदान की जाती है।

**नोट :**